हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 25 मार्च 2025
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 कृषि मंडी में नीलामी न होने से आक्रोशित किसानों ने...



08 ग्रामीण अब शहर में बना रहे आशियाना





## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-3606
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2300
उच्चतम भाव- 3020
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2335
उच्चतम भाव- 2420
चना
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-5425
मसूर
न्यूनतम भाव-4100
उच्चतम भाव-6340
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2850
उच्चतम भाव-4175
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3610
उच्चतम भाव-3970
सरसों
न्यूनतम भाव-4490
उच्चतम भाव-6400
धनिया
न्यूनतम भाव-5100
उच्चतम भाव-7000
बटरी
न्यूनतम भाव-3100
उच्चतम भाव-5200
धान
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-2705
तुअर
न्यूनतम भाव-5265
उच्चतम भाव-5265

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 49471 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### बहुजन समाज की जिला स्तरीय बैठक आयोजित

**गंज बासौदा।** बहुजन समाज की जिला स्तरीय बैठक रविवार को रविदास मंदिर गौशाला में आयोजित हुई। जिसमें आगामी 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाने पर विचार किया गया। कार्यक्रम स्थल अम्बानगर चौराहा पर सर्व सम्मति से तय किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि एडवोकेट इमरतलाल तिलवार जिला प्रभारी बसपा, विशेष अतिथि डॉ. लखपत सिंह ठकरेले जिला प्रभारी, अध्यक्षता महाराज सिंह दिवाकर जिला उपाध्यक्ष बसपा, नाथूराम अहिरवार जिला महासचिव मंच संचालन करेंगे। बैठक में जवी उल्ला खान, महेंद्र अहिरवार, अनन्त सिंह, मिश्रीलाल चौधरी, निरंजन सिंह, खिलानसिह अहिरवार, हरिसिंह, डॉ. अखिलेश सूर्यवंशी, आकाश अहिरवार, महाराज सिंह, अंकित अहिरवार, अरविंद अहिरवार, दीवान सिंह अहिरवार, राजू अहिरवार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बेतवा नदी के पुल पर रखाए स्लैब...



गंजबासौदा। बासौदा-सिरोंज मार्ग स्थित बेतवा नदी पर बन रहे नवीन पुल का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। संबंधित ठेकेदार द्वारा स्लैब रख दिए गए हैं।

### अधिकारियों के समझाने पर किसानों ने प्रदर्शन खत्म किया

# कृषि मंडी में नीलामी न होने से आक्रोशित किसानों ने लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





सोमवार को कंजना की पठार स्थित नवीन कृषि उपज मंडी में डाक नीलामी समय से पहले बंद होने से नाराज किसानों ने बासौदा-उदयपुर मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। किसानों ने अपने ट्रैक्टर-ट्रालियों को सड़क पर खड़ा कर रास्ता बंद कर दिया। जिससे सड़क पर दोनों ओर वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गईं। लगभग दो घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। किसानों द्वारा चक्काजाम किए जाने की सूचना मिलने पर तहसीलदार संदीप जायसवाल और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे।

अधिकारियों के समझाने पर किसानों ने प्रदर्शन खत्म किया। चक्का जाम कर रहे किसानों ने बताया कि व्यापारियों ने डेढ़ बजे डाक नीलामी बंद कर दी। कृषि उपज मंडी में लगभग 400 ट्रैक्टर-ट्राली खड़े हुए थे। किसान आसपास के ग्रामीण अंचलों से अपनी कृषि उपज लेकर मण्डी में नीलामी के लिए लेकर आए थे। इनमें कुछ किसान तो किराए के ट्रैक्टर-ट्राली से 2-3 दिन से मंडी में रुके हैं। मंगलवार को कर्मादेवी जयंती का छुट्टी है, जिससे डाक नीलामी नहीं होगी। ऐसे में सोमवार को नीलामी से वंचित रह गए किसानों को बुधवार तक नीलामी के लिए इंतजार करना पडेगा। इस कारण किसान आक्रोषित हो गए और चक्काजाम कर दिया और मंडी के बाहर सड़क पर बैठकर नारेबाजी की।

किसानों का कहना था कि शनिवार से यहां आए किसानों को रविवार के अवकाश के बाद सोमवार को ही नीलामी का अवसर मिला है। अब सोमवार को भी नीलामी से वंचित रहने पर किसानों को बुधवार तक नीलामी के लिए रूकना पडेगा। जिससे किसानों के पांच दिन खराब हो रहे हैं। किसानों के प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर तहसीलदार संदीप जायसवाल ने मौके पर पहुंचकर व्यापारियों से चर्चा की और फिर मंगलवार को भी नीलामी होने का आश्वासन देकर किसानों का प्रदर्शन समाप्त कराया। इस संबंध में अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ अध्यक्ष सतीश जैन कटारे का कहना है कि सोमवार तेज आवक के चलते लगभग 400 ट्रेक्टर, ट्राली नीलामी के लिए शेष रह गए थे। किसानों की परेशानियों को देखते हुए अनाज व्यापारी संघ ने निर्णय लिया है कि मंगलवार को मां कर्मा देवी जयंती के अवकाश के बावजूद भी बची हुई किसानी उपज की मंडी में डाक नीलामी की जाएगी।

## पेंशनरों का होली मिलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रगतिशील पेंशनरों वेल फेयर एसोसिएशन का होली मिलन कार्यक्रम बाँकडे हनुमान मंदिर के सामने फार्म हाउस पर सम्पन्न हुआ। जिसमें करीब 50 रिटायर्ड कर्मचारी उपस्थित थे। साथ ही एक पत्रकार वार्ता भी रखी गई, जिसमें प्रांतीय अध्यक्ष सुधीर दुबे ने बताया कि हम सभी रिटायर्ड कर्मचारी अब संगठित हो चुके हैं और अगला प्रांतीय कार्यक्रम भी गंज बासौदा में शीघ्र ही करने जा रहे हैं। दुबे ने कहा कि हम सभी की मांग है कि प्रदेश के मुखिया को भी देश के प्रधानमंत्री की तरह पेंशनधारियों के हित में कार्य करना चाहिए, जैसे केंद्र के रिटायर्ड कर्मचारियों के लिए प्रधानमंत्री योजनाएं लागू करते हैं वैसे ही प्रदेश के मुख्यमंत्री करने लगेंगे तो रिटायर्ड कर्मचारी बिल्कुल परेशान नहीं होंगे, प्रांतीय महामंत्री जगदीप सिंह राजपूत ने कहा कि हमारा संगठन कर्मचारियों के हित में बढ़ चढकर कार्य कर रहा है, कर्मचारियों की मांगों को ध्यान में रखकर हमेशा एक जुट बना रहेगा, अब हम सभी प्रदेश स्तर पर कार्य कर रहे हैं। इसी के साथ सभी ने आपस में गुलाल तिलक लगाकर होली मिलन मनाया। संगठन ने पंचतत्व के सिद्धांत को ध्यान में रखा खाने में प्लास्टिक का उपयोग न करके स्टील के बर्तनों का उपयोग कर पर्यावरण का ख्याल भी रखा गया। इस कार्यक्रम में रिटायर्ड महिला कर्मचारियों ने भी हिस्सा लिया। इस मौके पर प्रेमलता दुबे, चंद्रकांता दीक्षित, संतोष पौराणिक, बद्रीप्रसाद रावत, रमेशचंद नामदेव, जैनेन्द्र जैन, ओपी प्रजापति, सौदान सिंह रघुवंशी, चुन्नीलाल विश्वकर्मा, सलीम मंसूरी आदि मौजूद थे।

## गायत्री परिवार ने दीप जलाकर किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



गायत्री परिवार द्वारा बैहलोट पंचायत कार्यालय में अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के बलिदान दिवस के अवसर पर गायत्री दीप यज्ञ का आयोजन कर उन्हें याद किया गया। जिसमें सरपंच अशोक कुशवाह और उनके अन्य साथियों द्वारा शहीदों को याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये गए। गायत्री परिवार की ओर से सुरेश सैनी, राकेश पाण्डेय, वेदप्रकाश खरे ने भाग लिया।

सुरेश सैनी ने बताया कि शहीदे आजम भगत सिंह और उनके दो साथी राजगुरु और सुखदेव को आज के दिन फाँसी पर अंग्रेजों द्वारा लटकाया गया था। भगत सिंह जब ग्यारह साल के थे तब जलियांवाला कांड हुआ था और जनरल डायर ने बैसाखी के दिन सैकड़ों निहत्थे लोगों पर गोली चलवाकर बर्वर हत्याकांड करवाया था। जिसका भगत सिंह पर गहरा प्रभाव पड़ा और क्रांति की ज्वाला उनके ह्रदय मे धधक गई। उन्होंने असेम्बली में बम भी फेंका उनका उद्देश्य केवल अंग्रेजों को भयभीत करना था, खून खराबा नहीं उनके द्वारा डायर के चक्कर में एक दूसरे अधिकारी सेंडर की हत्या भी हो गई। जिस कारण अंग्रेजों द्वारा इन तीनों क्रांतिकारियों को सेंट्रल जेल लाहोर में डाल दिया गया। जहां भगत सिंह द्वारा इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगवाए गये और जेल का हर कैदी उनका साथ दे रहा था। अंग्रेज इन क्रांतिकारियों से खौफ खा रहे थे। भगत सिंह क्रांति का पर्याय बन चुके थे। भगत सिंह को फाँसी 24 मार्च तय थी, किन्तु उन्हे फाँसी 12 घंटे पहले 23 मार्च को ही दे दी गई। हमें इन क्रांतिकारियों को कभी नहीं भूलना चाहिए और इनकी शहादत की कहानियां आज की युवा पीढ़ी को बताना चाहिए।

## आदिवासी बच्चों को निःशुल्क शिक्षण सामग्री वितरित की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को ग्राम पंचायत पचमा के आदिवासी मोहल्ला में समाजसेवी और मां शीतला इंडेन गैस की संचालक रेखा राजेश महेश्वरी, प्रियल माहेश्वरी और राकेश महेश्वरी द्वारा गरीब आदिवासी बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की गई। इस दौरान बच्चों को किताबें, कॉपियां, पेंसिल, रबर, ज्योमेट्री सेट, पानी की बोतल और एग्जाम पैड दिए गए। इस नेक कार्य से बच्चों के चेहरों पर खुशी झलक रही थी। उन्हें पढ़ाई के लिए आवश्यक संसाधन मिलने से उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक कदम बढ़ाना था। इस मौके पर उपस्थित स्थानीय लोग और अभिभावक भी इस पहल की सराहना करते नजर आए। उन्होंने इसे बच्चों के लिए प्रेरणादायक कदम बताया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों की उम्मीद जताई।

## हर क्षेत्र में जल बैंक बनाने की जरूरत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पाठक संघ के तत्वावधान में शहर वाचनालय में विश्व जल दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका संचालन दीपक तिवारी द्वारा किया गया एवं जल बचाओ एवं जल की उपयोगिता पर अपने विचार व्यक्त किए गए। इसके पश्चात वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्ष 1993 से प्रतिवर्ष 22 मार्च को आयोजित होने वाला विश्व जल दिवस मीठे पानी के महत्व पर ध्यान केंद्रित करने वाला वार्षिक संयुक्त राष्ट्र दिवस है। इसका उद्देश्य सुरक्षित पानी तक पहुंच के बिना रहने वाले लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। जल की बढ़ती मांग के कारण भूजल पर निर्भरता बढ़ गई है। आज हमें हर क्षेत्र में जल बैंक बनाने की जरूरत है। पिंगले द्वारा जल बचाओ एवं जागरूकता का सभी सदस्यों को संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के अंत में शहर वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर गोपाल ठाकुर, उमेश ताम्रकार, गणेश राठौर, बंटी गोस्वामी, कैलाश नेमा, कैलाश नामदेव, नरेंद्र जैन, आशुतोष शर्मा, डॉ. एके रोहिले, दौलत बाबा, रमेश सोलंकी सहित अनेक पाठकगण उपस्थित थे।

## धर्मकांटा क्षेत्र में सड़क के बीचों बीच डिवाइडर बनाने का कार्य हुआ शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बरेठ रोड के चौडीकरण के बाद अब इस मार्ग पर यातायात व्यवस्था के लिए डिवाइडर बनना शुरू हो गया है। कालाबाग क्षेत्र में धर्मकांटा से सड़क के बीचों-बीच संबंधित ठेकेदार द्वारा डिवाइडर निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। डिवाइडर बनने के बाद इस मार्ग पर यातायात व्यवस्थित हो जाएगा।

### सपा राज्यसभा सांसद ने दिया आपत्तिजनक बयान

# कार्रवाई को लेकर राजपूत समाज ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

देश के नायक महाराणा सांगा को गद्दार बताने वाले सपा सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर नगर के राजपूत समाज द्वाराराष्ट्रपति के नाम तहसीलदार संदीप जायसवाल को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें देश पर अपनी जान न्योछावर करने वाले महानायक महाराणा सांगा को एक वीडियो में गद्दार बताने वाले सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ राष्ट्रद्रोह का अपराध दर्ज करने एवं कठोर कार्रवाई की मांग की गई। वीडियो में आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग कर राष्ट्र के स्थापित नायक महाराणा सांगा को गद्दार कहकर न केवल राष्ट्र प्रेमी एवं देश पर सर्वस्व न्यौछावर करने वाले जनमानस की भावनाओं को आहत किया गया है। रामजीलाल सुमन पर समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने, राष्ट्रीय प्रतीक और महापुरुषों का अपमान करने, वर्ग संघर्ष को उकसाने के साथ ही राष्ट्रद्रोही की धारा में गिरफ्तार कर उचित कार्रवाई की मांग की गई। अगर शीघ्र रामजीलाल सुमन को गिरफ्तार कर कार्रवाई नहीं की गई तो सभी सामाजिक वर्ग मिलकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। जिसकी समस्त जवाबदारी शासन एवं प्रशासन की होगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान बसंत सिंह राजपूत, भगवान सिंह कुशवाह, देवेंद्र सिंह जादौन, जगदीप सिंह राजपूत, अमान सिंह राजपूत, प्रवीण प्रताप जादौन, देवेंद्र सिंह सोलंकी, सीवी सिंह गौतम, सबल सिंह राजपूत, निरंजन सिंह राजपूत, अखिलेश राजपूत, चंद्रभान सिंह राजपूत, भूपेंद्र सिंह राजपूत, राजपाल सिंह राजपूत, लोकेंद्र सिंह, सतनाम सिंह राजपूत, राकेश सिंह राजपूत, मनोज तोमर, जंग बहादुर सिंह, दीपक राजपूत, राकेश राजपूत, आशीष राजपूत, अभी राजपूत, महेंद्र सिंह राजपूत, किशोर सिंह भदोरिया, शेर सिंह भदोरिया, बृजेंद्र सिंह, अभीराज राजपूत उपस्थित रहे।

# बीआरसी टीम की सराहनीय पहल से शिक्षकों में हर्ष




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विगत कई वर्षों से स्कूल शिक्षकों को निशुल्क पाठ पुस्तकों को अपने जन शिक्षा केंद्र से अपनी पाठशाला तक ले जाना होता था। जन शिक्षा केंद्र से आधी अधूरी पुस्तक प्राप्त होती थी साल भर में तीन-तीन बार शिक्षकों को जन शिक्षा केंद्र से पाठ्य पुस्तक प्राप्त कर तीन-तीन, चार-चार बार भाड़ा खर्च कर अपनी शालाओं में ले जाना होता था। खुद को ही पुस्तकों के बंडल को पैक करना होता था, सिलना होता था और हम्मालों की तरह ऑटो में लादकर अपनी शालाओं में ले जाना पड़ता था। जिससे उन्हें अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। सीमित बजट जो शासन से प्राप्त होता था, उसका एक बड़ा हिस्सा निशुल्क पाठ पुस्तकों को केंद्र से अपनी शालाओं में ले जाने में खर्च हो जाता था। परंतु इस सत्र में शिक्षकों की इस पीड़ा को समझते हुए बीआरसी बृजेंद्र रघुवंशी और उनकी टीम ने एक सराहनीय पहल करते हुए यह तय किया कि सभी पाठ्य पुस्तकों को शासन के निर्देशानुसार जनपद शिक्षा केंद्र से सीधे शालाओं में पहुंचाने की व्यवस्था खुद जनपद शिक्षा केंद्र करेगा। बीआरसी कार्यालय की टीम व्यवस्थित तरीके से उपलब्ध पुस्तकों को शाला वार पैक कर अपने वाहनों से शालाओं में पहुंचा रही है। जिससे शिक्षकों में हर्ष का माहौल है इस व्यवस्था की सभी प्रशंसा कर रहे हैं। नवीन बीआरसी की सुलझी हुई कार्य शैली से शिक्षको में उत्साह है। सभी को पूर्ण आशा है कि आगे भी वरिष्ठ कार्यालय उनकी समस्याओं को सुझाते रहेंगे। बीआरसी, बीईओ, डीपीसी का क्षेत्र के शिक्षकों ने आभार व्यक्त किया है। जिसमें अमर सिंह तोमर, संदेश मिश्रा, शफाकत हुसैन कादरी, संजीव रघुवंशी, विनोद श्रीवास्तव, प्रथ्वी सिंह रघुवंशी, निर्भय सिंह, दीपक नामदेव, महेन्द्र सिंह, नीलम रघुवंशी, दिनेश राजपूत, अरूण पांडे, विजय नामदेव, संजय विश्वकर्मा, अरूण रघुवंशी, कृपाराम सैन, देवेन्द्र सिंह दांगी, रामबाबू ,संजय अहिरवार सहित अन्य शिक्षक शामिल हैं।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, बासौदा, जिला विदिशा (म. प्र.)**

प्र.क. 139/अपील/2024-25

1-आरिफ खाँ पुत्र नामदार खॉ निवासी ग्राम पिपरिया जमीदार तहसील त्योंदा

................ अपीलांट

विरूद्ध

1- हारून खॉ पुत्र नामदार खॉ आदि निवासी ग्राम पिपरिया जमीदार तहसील त्योंदा

........... रेस्पोडेंट

:: स्थगन आदेश ::

(पारित दिनांक 20.03.2025)

खसरा क्र. 157/2/1, 188, 189, 190, 191, 192, 196, 197, 201, 204, 208 220, 223, 254, 258, 262, 275, 284 - कुलकिता 19 कुल रखवा 9.46340

रेस्पोडेंट श्री हारून खॉ पुत्र नामदार खाँ निवासी ग्राम पिपरिया जमींदार तहसील त्योंदा की ओर से म. प्र. भू. रा. संहिता 1959 की की धारा-52 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर इस प्रकरण में पारित आंतिम आदेश दिनांक 13.03.2025 का क्रियान्वयन बरिष्ठ न्यायालय में अपील प्रस्तुत कर स्थगन आदेश लाने तक आदेश का क्रियान्वयन रोकने की प्रार्थना की गई है। रेस्पोडेंट के विद्वान अधिवक्ता को धारा-52 के आवेदन-पत्र पर श्रवण किया गया। अतः म. प्र. भू. रा. संहिता की धारा-52 के अंतर्गत आवेदन-पत्र स्वीकार करते हुए उक्त प्रकरण में पारित अंतिम आदेश दिनांक 13.03.2025 का क्रियान्वयन अपील अवधि 45 दिवस तक स्थगित किया जाता है।

**अनुविभागीय अधिकारी बासौदा**

## खबर संक्षेप

### आज जैन कॉलेज में आएंगे कुमार विश्वास



**विदिशा।** मंगलवार को जैन कॉलेज ग्राउंड में मातृभूमि युवा परिषद द्वारा अमर बलिदानी सरदार भगत सिंह सुखदेव राजगुरु के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन और शहीद सम्मान समारोह शहीदोत्सव आयोजित होने जा रहा है। इसमें शामिल होने देश के लोकप्रिय कवि डॉ कुमार विश्वास शामिल होंगे। इसके अलावा अन्य जानेमाने कवि भी शिरकत करेंगे।

### एसएटीआई में करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आज

**विदिशा।** जिले के सरकारी स्कूलों के 11वीं-12वीं के छात्रों के लिए एसएटीआई द्वारा ज्ञान, संवाद और सहयोगः उज्जवल भविष्य की नींवर कार्यक्रम 25 मार्च को आयोजित किया जाएगा। इस पहल के तहत एसएटीआई के विद्यार्थी स्कूलों में जाकर करियर मार्गदर्शन, टेक्नोलॉजी, स्कॉलरशिप और प्रोफेशनल कोर्स की जानकारी देंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर रौशन कुमार सिंह करेंगे।

### 15 दिन में 309 चालान, 1.25 लाख जुर्माना वसूला

**विदिशा।** यातायात नियमों के उल्लंघन पर रोक लगाने एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। यातायात प्रभारी सूबेदार आशीष राय के नेतृत्व में 10 से 24 मार्च तक अभियान के दौरान कार्रवाई की गई। इस दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने पर 203 चालान, नियम विरुद्ध नंबर प्लेट पर 53 चालान, तेज गति से वाहन चलाने पर 24 चालान, बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने पर 29 चालान बनाए गए।

### धर्मशाला विस्तार के लिए प्रतापभानु शर्मा ने 51 हजार देने घोषणा की

**विदिशा।** करैयाखेड़ा रोड स्थित सनाढ्य ब्राह्मण समाज की धर्मशाला में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। समाज के अध्यक्ष पं दीपक तिवारी ने अतिथियों को तिलक लगाकर शुरूआत की। मुख्य अतिथि प्रतापभानु शर्मा ने धर्मशाला के विस्तार के लिए 51 हजार रुपए देने की घोषणा की। पं राकेश कटारे ने कहा की समाज के युवाओं को नौकरी के अलावा व्यवसाय पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने अपने दादाजी पं मूलचंद कटारे के नाम पर एक कक्ष के निर्माण की घोषणा की। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने धर्मशाला के निकट सड़क तथा विद्युत पोल की घोषणा की।

### फीस प्रतिपूर्ति प्रपोजल लॉक करने की तिथि बढ़ी

**विदिशा।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निःशुल्क अध्ययनरत छात्रों की फीस प्रतिपूर्ति हेतु गैर अनुदान प्राप्त स्कूल अब 2 अप्रैल 2025 तक प्रपोजल लॉक कर सकेंगे। पूर्व में इसकी अंतिम तिथि 25 मार्च थी, जिसे स्कूलों की मांग पर बढ़ाया गया है। निर्धारित तिथि तक प्रपोजल न भेजने पर स्कूलों को स्वयं के व्यय पर छात्रों की शिक्षा जारी रखनी होगी।

### चना, मसूर, सरसों उपार्जन कार्य आज से

**विदिशा।** जिले में समर्थन मूल्य पर चना, मसूर और सरसों की खरीदी 25 मार्च से शुरू होगी। जिले में कुल 69 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं, जहां चना 5650, मसूर 6700 और सरसों 5950 प्रति क्विंटल की दर से खरीदी जाएगी।

### एसएटआई के स्वप्निल का युवा संसद में चयन

**विदिशा।** भारत सरकार खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय द्वारा भोपाल के बीएसएसएस महाविद्यालय में युवा संसद आयोजित की थी। जिसमें विदिशा, सीहोर, भोपाल जिलों के 150 प्रतिभागियों ने एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर अपना भाषण दिया। जिसमें कम्प्यूटर साइंस ब्रांच प्रथम वर्ष के स्वप्निल नखाते का चयन किया गया है। कम्प्यूटर साइंस ब्रांच द्वितीय वर्ष की स्वाति तिवारी प्रतीक्षा सूची में हैं। चयनित विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा, जो कि मप्र विधानसभा में 26 मार्च और 27 मार्च को आयोजित होगी।

---

**समीक्षा बैठक में निर्देशः** लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए

# बैठक में देर से पहुंचे उद्योग विभाग के जीएम, कलेक्टर ने काटा वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों का शीघ्र और संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने फरवरी ग्रेडिंग माह और सौ दिवस की लंबित शिकायतों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में विलंब से पहुंचने और बिना अनुमति के प्रतिनिधि भेजने पर जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र के महाप्रबंधक एके श्रीवास्तव का 24 मार्च का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग में 3037 लंबित शिकायतों पर असंतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को विशेष ध्यान देने को कहा। कलेक्टर श्री सिंह ने राजस्व, स्वास्थ्य, खाद्य, गृह, अनुसूचित जाति कल्याण और स्कूल शिक्षा विभागों में 100 से अधिक लंबित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदारों और पटवारियों के लापरवाही बरतने पर उनके वेतन रोकने की चेतावनी दी। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा की गई, जिनमें पीएम जनमन, जल जीवन मिशन, आकांक्षी जिला योजना, आयुष्मान भारत, खाद्य सुरक्षा, चरनोई भूमि अतिक्रमण मुक्त अभियान और अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई की प्रगति शामिल थी।



विदिशा। समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर रौशन कुमार सिंह।

### विभागवार लंबित हैं यह शिकायतें

बैठक में बताया गया कि जिले में कुल 4964 शिकायतें लंबित हैं। जिनमें प्रमुख विभागों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास 867, राजस्व 825, स्वास्थ्य 488, खाद्य 427, नगरीय विकास 411, ऊर्जा (348) और गृह विभाग 321 शामिल हैं।

## पुस्तकों की सूची न देने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई होगी

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा सोमवार को स्कूल शिक्षा विभाग से लंबित आवेदनों की समीक्षा की। जिला शिक्षा अधिकारी ने संज्ञान में लाया कि जिले के 66 स्कूलों के द्वारा अब तक पुस्तकों की सूची उपलब्ध नहीं कराई गई है और ना ही किन-किन दुकानो से पुस्तके विक्रय की जा रही है।

कलेक्टर श्री सिंह ने उक्त प्रकरण को गंभीरत से लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी से जाना कि स्कूलों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि मात्र नोटिस देने से समस्या हल नहीं होगी। कलेक्टर श्री सिंह ने संयुक्त कलेक्टर व शिक्षा विभाग के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी शशि मिश्रा को निर्देश दिए हैं कि ऐसे चिन्हांकित सभी स्कूलों के खिलाफ पैनाल्टी लगाने व स्कूलों को सील करने को उल्लेखित करते हुए स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक से पत्राचार कर उन्हें अवगत कराएं। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिस प्रकार जिले में खाद बीज की प्राप्त सूचनाओं की जानकारी प्राप्ति के लिए डमी विक्रेता के माध्यम से क्रास मानिटरिंग की गई थी ठीक वैसे ही डमी गार्जियन बनकर जायजा लेने के निर्देश दिए हैं ताकि जिले में पाठ्य पुस्तकों को विक्रय करने वाले दुकानदारो के द्वारा किसी भी प्रकार की त्रुटि तो नहीं की जा रही, किसी एक ही दुकान पर विशेष स्कूलों की किताबें तो नहीं मिल रही है। किताबो सहित अन्य सामग्री तो नहीं मिल रही है। यदि ऐसा पाया जाता है तो संबंधित दुकानदार के द्वारा कठोर कार्रवाई की जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि पाठयपुस्तको के विक्रय पूर्व सभी स्कूलो के प्रबंधको व विक्रेताओं से संवाद कर उन्हें शासन की मंशा से अवगत कराया गया और सभी स्कूलीय प्रबंधकों से कहा गया कि एक ही दुकान से किताबों सहित अन्य स्कूली सामग्री खरीदने के लिए बच्चो व उनके अभिवकों को बाध्य नहीं किया जाएगा। एक अप्रैल से शैक्षणिक सत्र शुरू हो रहा है। अतः सभी अनुविभागीय अधिकारी भी डमी अभिभावक के दायित्वों से परिचित है और स्थानीय स्तर पर जांच पडताल की क्रास मनिटरिंग के लिए और अधिक उपायो का क्रियान्वयन करें।

---

# सीधे व्यापारी के गोदाम पर ट्रॉलियां तुलती हुई पकड़ी



विदिशा। मौके पर पहुंचकर कार्रवाई के लिए सचिव को कहा पर नहीं हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

रघुवंशी ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन के निजी वेयर हाउस पर किसानों की उपज तौले जाने की सूचना पर अनाज तिलहन संघ अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। लेकिन मंडी सचिव से लेकर प्रशासन का कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।

मौके पर दो ट्रॉली खड़ी थी और चार ट्रॉली तुल चुकी थीं। जिसकी शिकायत उन्होंने एसडीएम से की। वहीं मंडी सचिव को भी लगातार फोन लगाते रहे। इस दौरान उनकी कहासुनी हो गई। एक घंटे तक वह मंडी सचिव को फोन लगाकर सूचना देते रहे लेकिन कार्रवाई नहीं की गई जबकि दो दिन पहले मंडी के दो व्यापारियों के यहां इसी तरह से तुलाई हो रही थी। जिस पर मंडी सचिव ने पंचनामा बनाकर व्यापारी को नोटिस थमाया था।

राधेश्याम माहेश्वरी का कहना है कि नई और पुरानी मंडी में ही तौल के आदेश हैं। 20 तारीख से दोनों मंडियों के बाहर तौल पूरी तरीके से बंद कर दी गई है। सभी व्यापारी मंडियों में ही तुलाई करा रहे हैं। सिर्फ एक व्यापारी को गोदाम पर तुलाई की छूट दी गई है। यह सरासर गलत है। कार्रवाई न होने के बाद वह व्यापावरियों के साथ मंडी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कार्रवाई के लिए मंडी सचिव से भी कहा है। कुछ व्यावारी गोदाम पर तुलाई करा लेते हैं।

### साहू धर्मशाला में आज मनाई जाएगी कर्मा देवी जयंती

**विदिशा।** साहू समाज की आराध्य देवी एवं भगवान श्रीकृष्ण की परम भक्त संत शिरोमणि मां कर्मा देवी की 1009वीं जयंती आज बंटी नगर साहू धर्मशाला में हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। जिला साहू समाज अध्यक्ष मोहनलाल साहू और नगर साहू समाज अध्यक्ष चरणलाल साहू ने बताया कि इस अवसर पर समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही समाज के उन वरिष्ठजन को भी विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने समाज की प्रगति और उत्थान में योगदान दिया है। धर्मशाला में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन प्रसाद ग्रहण करेंगे। समाज के सभी स्वजातीय बंधुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए रवि साहू ने बताया कि जयंती के अवसर पर साहू समाज के सभी प्रतिष्ठान बंद रखे जाएंगे।

---

### मंत्री प्रहलाद पटेल आज विदिशा आएंगे



विदिशा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल आज विदिशा आएंगे। वह कपूर गार्डन में मुख्यमंत्री मोहन यादव के 60वें जन्मदिन के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में शामिल होंगे।

### मंदिर में सिंधी भजनों पर झूमे समाजजन

**विदिशा।** सिंधी साहित्य अकादमी मप्र द्वारा पूज्य सिंधी पंचायत के सहयोग से चेटीचंड महोत्सव का आयोजन किया गया। स्थानीय झूलेलाल मंदिर परिसर में बीती रात आयो मुहिंजो लाल आयो शीर्षक से आयोजित इस कार्यक्रम में इंदौर के अजय मुकेश, मुम्बई की प्रियंका केसवानी और ग्वालियर के अजय गुरु ने अपनी मधुर आवाज़ में श्री झूलेलाल के पंजिड़े सुनाकर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर अकादमी के निदेशक राजेश कुमार वाधवानी ने अकादमी की गतिविधियों की जानकारी देते हुए युवा पीढ़ी से संत साहित्य के प्रति अध्ययनशील होने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन पूज्य सिंधी पंचायत के महामंत्री मनोज पंजवानी ने किया और आभार अध्यक्ष दीवान मंगतानी ने माना।

# जिलेभर की खाद्य दुकानों से 35 नमूने लिए, जांच के लिए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने आम नागरिकों की सेहत को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अधिकारियों को खाद्य प्रतिष्ठानों से विक्रय होने वाले दूध व अन्य दुग्ध पदार्थ से निर्मित मिठाइयों व अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल लेने के निर्देश दिए है। 17 से 23 मार्च अवधि में खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अधिकारियों द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों पर भ्रमण कर जांच की गई। इस दौरान सप्ताह अवधि में विदिशा जिले में 35 नमूने एकत्रित कर जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उक्त कार्यों में तेजी लाते हुए खाद्य प्रतिष्ठानों और दुकानों की जांच कर सैंपल लेने की संख्या बढ़ाई जाए। जिले में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों और दुकानों से आम नागरिकों को दूषित खाद्य सामग्री न परोसी जाए का विशेष ध्यान रखते हुए जांच-परीक्षण और सैंपल लेने के कार्य सतत भ्रमण कर किए जाएं।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा बैठक के दौरान सप्ताह अवधि में जिले में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानो व दुकानों से जो 35 नमूने एकत्रित किए गए हैं उनमें दूध एवं अन्य दुग्ध पदार्थों के 5 नमूने और अन्य खाद्य पदार्थों के 30 नमूने शामिल हैं। विदिशा विकासखंड में 4, सिरोंज में 9, गंजबासौदा विकासखंड में 9 और ग्यारसपुर में 13 सैंपल जांच के लिए एकत्रित किए गए हैं।

### दुकानों की जांच, 35 सैंपल भेजे गए लैब

**विदिशा।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई। 17 से 23 मार्च के बीच 35 खाद्य नमूने एकत्र कर भोपाल प्रयोगशाला भेजे गए, जिनमें 5 दूध व दुग्ध उत्पाद तथा 30 अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल शामिल हैं। कलेक्टर ने सैंपलिंग की संख्या बढ़ाने और सतत निरीक्षण के निर्देश दिए। इधर बाजार में गर्मी का सीजन आते ही सड़े गले फल और सब्जियां बेची जा रही है। इसकी भी जांच होना चाहिए और यदि ऐसा करते पाए जाने पर कार्रवाई होना चाहिए।

## कलेक्टर ने शाला में पहला कदम अभियान के कार्यों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सोमवार को एक अप्रैल से शाला प्रवेश उत्सव के तहत आयोजित होने वाला शाला में पहला कदम के परिपेक्ष्य में अनुविभागवार अब तक क्या-क्या तैयारियां की गई है कि समीक्षा स्थानीय एसडीएम से संवाद कर जानी है। इस दौरान स्कूली प्रवेश बच्चों को प्रवेश के दौरान जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, समग्र आईडी व जाति प्रमाण पत्र इत्यादि के कारण किसी भी प्रकार की अडचने ना हो अतः अनुविभागवार चिन्हांकित किए गए बच्चों जिन्हें पूर्व उल्लेखित दस्तावेंज प्रदाय किए जाने है शीघ्रतिशीघ्र संबंधित विभागो के द्वारा कार्यवाही कर एक अप्रैल से प्रवेश उत्सव स्थल पर बच्चों के हाथो में प्रदाय किए जाएं। इस दौरान बताया गया कि कक्षा पहली में दाखिला के लिए सिरोंज अनुविभाग क्षेत्र में 2612 ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे चिन्हांकित किए गए है। शमशाबाद में 2400, कुरवाई में 1864, ग्यारसपुर में 1247, विदिशा में 4000 बच्चे चिन्हांकित किए गए हैं।

# केंद्रीय दल के अधिकारी दो दिन करेंगे विदिशा में दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

पीएम एक्सीलेंस अवार्ड 2025 अंतर्गत जिले में केंद्रीय दल के उच्च स्तरीय अधिकारियों का भ्रमण कार्यक्रम 25 एवं 26 मार्च को प्रस्तावित है।

भ्रमण कार्यक्रम की जानकारी अनुसार 25 मार्च मंगलवार की 11.30 बजे कलेक्टर रौशन कुमार सिंह से मुलाकात करेंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में जिला स्तरीय बैठक होगी।

दल दोपहर 2 बजे ग्राम करारिया लश्करपुर के लिए रवाना होगा। 2.15 बजे ग्राम करारिया आगमन अतिथियों का स्वागत नल जल योजना, प्रधानमंत्री आवास, सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 एवं प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, मिशन इंद्रधनुष के हितग्राही, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं किसान क्रेडिट कार्ड के हितग्राहियों से मुलाकात एवं ब्रीफिंग, तीन बजे फील्ड विजिट प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास देखना जल जीवन मिशन जलप्रदाय आंगनबाड़ी केंद्र का विजिट, मिशन इंद्रधनुष, प्रधानमंत्री मातृत्व योजना के हितग्राहियों से मुलाकात करेंगे। साढे चार बजे ग्राम जम्बार बागरी के लिए दल रवाना होगा। 4.45 बजे ग्राम जम्बार बागरी आगमन एवं प्रधानमंत्री निर्माणाधीन कॉलोनी का अवलोकन, ड्रोन दीदी द्वारा ड्रोन का डेमोंसट्रेशन किया जाएगा। शाम 5 बजे खामबाबा विजिट के लिए प्रस्थान करेंगे। 5.15 बजे शहरी प्रधानमंत्री आवास का भ्रमण वार्ड नंबर 1 खाम बाबा टीला का भ्रमण किया जाएगा। 5.45 बजे वार्ड नंबर 28 में पीएम स्व निधि के हितग्राहियों से मुलाकात एवं चर्चा होगी। सवा छह बजे आजीविका चैपाटी स्व सहायता समूह द्वारा संचालित का भ्रमण किया जाएगा। 6.30 बजे पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना का भ्रमण एवं हितग्राहियों से मुलाकात वार्ड नंबर 28 प्रस्तावित है।

## किसानों की सुविधा के लिए 5 नए खरीदी केंद्र बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन किए जाने हेतु जिले में 185 उपार्जन केन्द्रों का निर्धारण किया गया

जिला उपार्जन समिति की अनुशंसा पर 5 नवीन गेहूं उपार्जन (खरीदी) केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। इस प्रकार अब जिले में 190 खरीदी केंद्र निर्धारित हो गए हैं। जो 5 नवीन उपार्जन केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। उनमें श्री बालाजी वेयर हाउस ग्राम खेजड़ा सुल्तान (सेवा सहकारी समिति मर्यादित बर्रो), वेदिका वेयरहाउस यूनिट 2 ग्राम नटेरन (सेवा सहकारी समिति मर्यादित सेऊ), कोहिनूर वेयरहाउस बामोरा रोड कुरवाई (सेवा सहकारी समिति नाउकुंड), प्राणसिंह वेयर हाउस मेहलुआ रोड कुरवाई (सेवा सहकारी समिति मर्यादित मेहलुआ) और मां अम्बे वेयरहाउस ग्राम कागपुर विदिशा (सेवा सहकारी समिति मर्यादित हिनोतिया) शामिल हैं।

## कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दी सरपंचों को कचरा वाहन की चाबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुलाबगंज

ग्राम पंचायत गूलरखेड़ी की सफाई व्यवस्था को देखते हुए विदिशा विधानसभा के विधायक मुकेश टंडन ने विधायक निधि से ग्राम पंचायत गूलरखेड़ी एवं गुलाबगंज को एक-एक कचरा वाहन स्वीकृत किए हैं। जिसको होली मिलन समारोह पर कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के हाथों से सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश घावरी एवं सरपंच प्रतिनिधि निर्मल मोंगिया को कचरा वाहन की चाबी भेंट की। इस दौरान ग्राम पंचायत गूलरखेड़ी क्षेत्र के जनपद सदस्य प्रतिनिधि सचिन यादव, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष अंकुर दांगी, मुकेश यादव, सचिव राजेंद्र शर्मा, जगदीश तिवारी, जितेंद्र रघुवंशी, सुनील सेन, भूरा दांगी आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।




# खरीदी शुरूः 8 केंद्रों पर 65 किसानों ने 443 मेट्रिक टन गेहूं बेचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर रौशनकुमार सिंह ने सोमवार को जिले में समर्थन मूल्य पर गेहू उपार्जन के संपादित कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने बताया कि जिले में अब 190 केन्द्रों पर समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन कार्य किया जाएगा। गौरतलब हो कि गेंहू प्रति क्विंटल 2600 रुपए की दर से क्रय किया जा रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 175 रुपए की बोनस राशि भी शामिल है। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने कहा कि बारिश को ध्यानगत रखते हुए उपार्जन केंद्रों पर वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए ताकि उपार्जित गेंहू खराब न हो सकें। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर नियुक्त सर्वेयर हरे रंग की टीशर्ट पहने होंगे ताकि उनके द्वारा गेंहू की क्वालिटी का परीक्षण कराया जा सकें। उन्होंने प्रत्येक केंद्र पर बारदानों, स्टेनसील, सिलाई मशीन की उपलब्धता की भी जानकारी प्राप्त की है। इस दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी के द्वारा बताया गया कि जिले के आठ उपार्जन केन्द्रों पर 65 किसानों से 443 मेट्रिक टन गेंहू खरीदी कार्य किया गया है। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि उपार्जन केंद्रों पर अनावश्यक रूप से गेंहू डम्प ना हो जिन किसानो से गेंहू क्रय किया गया है। उन सबका तुलाई कार्य उसी दिन पूरा कराया जाए ताकि दूसरे दिन किसी भी प्रकार से कार्य लंबित ना रहें। उन्होंने ऑन लाइन टोकन प्रणाली आवंटन प्रक्रिया के साथ-साथ प्रत्येक उपार्जन केंद्र पर दो-दो इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटों के सत्यापन का कार्य नापतौल निरीक्षकों के द्वारा किया गया है कि नहीं इत्यादि की भी जानकारी प्राप्त की है।



विदिशा। समर्थन मूल्य खरीदी केंद्रों पर किसानों ने आमद दर्ज कराना शुरू किया।





## शहर की चाह में पिछली वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 1200 से अधिक हुई रजिस्ट्रियां

# ग्रामीण अब शहर में बना रहे आशियाना

ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों का रुख अब शहर की ओर होने लगा है। लोग अपना आशियाना अब शहर में बसाना चाहते है, जिसके चलते शहर की बसाहट का दायरा तेजी से बढ़ता जा रहा है। इस वित्तीय वर्ष के 11 महीनों में 60 प्रतिशत रजिस्ट्रियां केवल शहरी क्षेत्रों की हुई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



शहर की बसाहट में तेजी से परिवर्तन देखा जा रहा है, स्थिति ये है कि स्टेट एवं नेशनल हाइवे के किनारे आवासीय कॉलोनियां बस गई हैं। कॉलोनियां काटते ही मकान और प्लॉट लेने की होड़ लग जाती है, वहीं कॉलोनाईजर विभिन्न प्रकार के लुभावने ऑफर देकर लोगों को आकर्षित कर रहे है। जिससे ग्रामीण शहर की ओर अपना रुख करने लगे है। बच्चों को अच्छे स्कूलों की पढ़ाई के साथ साथ अन्य आधुनिक सुविधाएं भी लोगों को शहर की ओर खींचने को मजबूर कर रही है।

पिछले वित्तीय वर्ष में एक अप्रैल से 31 मार्च तक भवन और खाली प्लॉट के 4070 पंजीयन किए गए थे। वहीं वर्ष 2024-25 में 1 अप्रैल से 15 मार्च तक 6 हजार 250 रजिस्ट्रियां कराई गई हैं। इस तरह वर्तमान वित्त वर्ष में लगभग 1200 रजिस्ट्रियां अधिक की गई हैं। जिनमें 60 फीसदी से अधिक नगरीय क्षेत्रों की हैं। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि ग्रामीणों की शहरों में बसने की चाह बढ़ी है।

### पंजीयन विभाग लक्ष्य पूर्णता की ओर

ग्रामीणों की इस चाह का लाभ पंजीयन विभाग को मिल रहा है। जो लक्ष्य के करीब पहुंचने वाला है। सरकार से पंजीयन विभाग को जिले में 174 करोड़ का राजस्व पंजीयन से जुटाने का लक्ष्य मिला था, जिसके विरुद्ध 15 मार्च तक 161.73 करोड़ के पंजीयन हो चुके हैं। विभाग को उम्मीद है कि 31 मार्च तक बाकी लक्ष्य भी पूर्ण हो जाएगा।

### बढ़ेंगे जमीनों के दाम

*तेजी से हो रहे शहर के विस्तार के चलते इस वर्ष कलेक्टर गाइड लाइन में मुख्य मार्गों के किनारे की जमीन के भाव बढ़ने जा रहे हैं। जिले में 1128 लोकेशन पर 50 प्रतिशत तक दाम बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया है। जबकि 19 लोकेशन 50 से 100 प्रतिशत तक दाम बढ़ाने का प्रस्ताव है। जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में तय किया गया है कि जिले के 2293 लोकेशन में से 1128 की दर बढ़ाई जाएंगी।*

### अवकाश में भी पंजीयन

*मार्च माह में अवकाश के दिनों में भी संपत्तियों के पंजीयन किए जा रहे हैं। लोग इन दिनों में भी पंजीयन के लिए पहुंच रहे हैं। हर शनिवार-रविवार जिले में औसतन 20 से 25 पंजीयन कराए जा रहे हैं। हालांकि अवकाश के दिनों में सर्वर की समस्या आ रही है, लेकिन कुछ दिक्कतों के साथ पंजीयन किए जा रहे हैं।*

### बच्चों की पढ़ाई और सुविधाओं की चाह

*ग्रामीणों का शहरों में बसने का प्रमुख कारण बच्चों की शिक्षा है। जिला मुख्यालय पर हर साल अस्तित्व में आ रही नई-नई कॉलोनियों में अधिकतर रहवासी ग्रामीण क्षेत्रों से आ रहे हैं, जो अपने बच्चों को अच्छे स्कूलों में पढ़ाने के लिए शहर में मकान खरीद रहे हैं और यहां बच्चों को छोड़ रहे हैं, जबकि खुद गांव में रहकर खेती किसानी कर रहे हैं। शहर में बसने वाले 90 फीसदी लोग इसी उद्धेश्य को लेकर संपत्तियां खरीद रहे हैं। वहीं शहरी सुविधा से आकर्षित होकर भी कई लोग यहां बस रहे हैं। इस सब से शहरी क्षेत्र में कॉलोनी कल्चर बढ़ रहा है। अवैध कॉलोनियां आए दिन आकार ले रही हैं।*

### रायसेन तहसील में ही दो गुना बढ़ा राजस्व

शहरों में बसने की चाह का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि केवल रायसेन तहसील में ही बीते साल की तुलना में पंजीयन की राशि बीते साल की तुलना में दो गुना हो गई है। वर्ष 2023-24 में रायसेन तहसील में 27.21 करोड़ के पंजीयन किए गए थे। जबकि चालू सत्र में अब तक लगभग 50 करोड़ के पंजीयन हो चुके हैं। इसका मतलब यह कि ग्रामीणों की जिला मुख्यालय पर बसने की चाह बढ़ी है।

### एक अप्रैल से लागू होगी नई गाइड लाइन

चालू वित्त वर्ष में पंजीयन का लक्ष्य 174 करोड़ का है। उम्मीद है मार्च के अंत तक इस लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे। अभी तक 161.73 करोड़ का राजस्व मिल चुका है। अवकाश के दिनों में भी पंजीयन किए जा रहे हैं। एक अप्रैल से नई गाइड लाइन लागू हो जाएगी।

**- रजनेश सौलंकी,** जिला पंजीयक रायसेन।

# अवैध उत्खनन पर कार्रवाई नहीं करने पर खनिज अधिकारी को थमाया नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को टीएल बैठक में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा सीएम हेल्पलाईन, विभिन्न विभागों के निर्माण कार्य तथा योजनाओं की प्रगति और गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि शिकायतों के निराकरण में कई विभागों द्वारा बेहतर काम किया जा रहा है, अन्य विभाग भी शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण में तेजी लाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि शिकायतों के प्राप्त होते ही नियमानुसार निराकरण की कार्यवाही करें। शिकायतों के निराकरण में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए गए।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की समीक्षा के दौरान न्यूनतम गुणवत्ता के साथ शिकायतों को निराकृत करने पर विद्युत वितरण कम्पनी, वन विभाग तथा सहकारिता विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने उपायुक्त सहकारिता को नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समाधान ऑनलाईन में शामिल विषय से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही 50 दिवस से अधिक समयावधि की शिकायतों को भी निराकृत कराएं।

### खनिज अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश

कलेक्टर द्वारा खनिज विभाग की समीक्षा करते हुए अवैध रूप से चल रहीं क्रेशर खदानों, खनिज उत्खनन और परिवहन की जानकारी ली। उन्होंने अवैध खनिज उत्खनन तथा परिवहन करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई नहीं करने पर खनिज अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही खनिज अधिकारी को मौके पर जाकर अवैध रूप से संचालित हो रहीं क्रेशर खदानों को सील करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने खनिज राजस्व वसूली की जानकारी लेते हुए तेजी लाने के निर्देश दिए। जिले में वर्ष 2024-25 में निर्धारित लक्ष्य 32 करोड़ रू के विरूद्ध अभी तक लगभग 15 करोड़ ही प्राप्त हुए हैं। वन विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर अवैध उत्खनन के विरूद्ध की गई कार्रवाई की जानकारी ली। वन अमले द्वारा अवैध उत्खनन के विरूद्ध कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त कर एसडीओ वन विभाग को निर्देशित किया कि स्वयं वन क्षेत्रों का भ्रमण करें। अवैध उत्खनन और अवैध कटाई सख्ती से रोकी जाए तथा दोषियों के विरूद्ध निमयानुसार कार्रवाई करें।

## मछली बाजार के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**सांची।** सांची के बस स्टैंड पर मछली बाजार खोल जा रहा है जिसको लेकर बस स्टैंड के दुकान वालों ने नगर परिषद में सीएमओ के नाम राजीव श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों का कहना है कि मछली बाजार बस स्टैंड से अलग किया जाए, यहां पर मटन, चिकन, मछली से बदबू और गंदगी उत्पन्न होगी। नगर परिषद को इस प्रकार के आपत्तिजनक सामग्रियों को बाजार से कहीं बाहर व्यवस्थित करना चाहिए जिससे बस स्टैंड का सुंदरीकरण में कोई बड़ा उत्पन्न ना हो। बस स्टैंड बाजार से सभी व्यापारियों ने मिलकर ज्ञापन सौंपा और आगे भी करवाई करने की बात कही।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा व सनातन प्रेमियों ने किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

मातृभूमि की रक्षा में अपना संपूर्ण जीवन अर्पण करने वाले अदम साहस वीरता त्याग और स्वाभिमान के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा सांगा जी पर समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के द्वारा संसद में अमर्यादित टिप्पणी बेहद दुर्भाग्य पूर्ण निंदनीय एवं माफी योग्य नहीं है इस अनपढ़ व्यक्ति को इतिहास की जानकारी नहीं है।

ऐसे लोग समाज के लिए दीमक के समान है उक्त बात आज रामजीलाल सुमन सांसद के पुतला दहन कार्यक्रम के समय अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष राज बहादुर सिंह राणा ने कही है। उन्होंने कहा इस घटिया सोच के व्यक्ति को जूते की माला पहनाकर हमने पुतला दहन कर यह संदेश देने की कोशिश की है कि सभी सनातनी प्रेमी एवं क्षत्रिय समाज के साथ जो भी घिनौनी मानसिकता के व्यक्ति की विचारधारा रहेगी उस व्यक्ति के साथ हमेशा समाज यही करेगी।

### सपा सांसद की टिप्पणी को लेकर किया पुतला दहन

**गैरतगंज।** सोमवार देर शाम नगर के वस स्टेड पर उत्तर प्रदेश के समाजवादी पार्टी के राज्य सभा सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा मातृ भूमि की रक्षा में अपना संपूर्ण जीवन अर्पण करने वाले स्वाभिमान के प्रतीक वीर शिरोमणि महा राणा सांगा जी के उपर की गई अभर्द्रता पूर्ण एवं अमर्यादित टिप्पणी को लेकर विरोध प्रकट किया साथ ही सांसद का पुतला दहन कर नारे वाजी की गई इस दौरान समस्त सनातनी व सर्व समाज बडी संख्या मे मोजूद रहा।

## रोज दो से 3 घंटे हो रही बिजली कटौती ग्रामीण परेशान

**दीवानगंज।** ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता बिजली की कटौती से खासे परेशान हैं। अभी तो गर्मी ठीक ढंग से पड़ी भी नहीं की रोज दो से तीन घंटे की कटौती होने लगी है। ऐसा कोई सा दिन बाकी नहीं जा रहा है जिस दिन बिजली कटौती नहीं होती हो। बिजली उपभोक्ताओं को शासन द्वारा जारी किए गए निर्देश के मुताबिक बिजली नहीं मिल पा रही है। इसके चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बिजली की कटौती से लोग त्रस्त हैं। सरकार जिस हिसाब से बिजली सप्लाई का दावा करती है उस हिसाब से बिजली नहीं मिल पा रही है। बिजली की कटौती से कस्बों की पेयजल व्यवस्था चरमरा जाती है। आटा चक्की बंद हो जाने से लोगों के सामने बड़ी परेशानी होने लगती है।

# श्री निराला साहित्य जन कल्याण समिति की बैठक में आय व्यय प्रस्तुत, हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

श्री निराला साहित्य जन कल्याण समिति के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की तरह होली रंगपंचमी के बीच 16 मार्च की रात्रि में रामलीला मैदान में हुए अ.भा. कवि सम्मेलन होली का हुडदंग कवियों के संग शानदार कार्यक्रम हुआ। उक्त कार्यक्रम की समीक्षा के साथ वार्षिक आय व्यय प्रस्तुत करने निराला समिति की बैठक संरक्षक सुरेश बिदुआ के निवास पर हुई।

समिति के अध्यक्ष साहब सिंह धाकड़ की अध्यक्षता में हुई निराला समिति की बैठक में होली का हुडदंग कवियों के संग कार्यक्रम की भारी सफलता और हजारो श्रोताओं की उपस्थिति में संतोष व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल का आभार प्रस्ताव पारित किया गया। समिति के कोषाध्यक्ष अवध नारायण सक्सेना ने कार्यक्रम और वार्षिक आय व्यय का प्रतिवेदन सदस्यों के समक्ष रखा जिसका अनुमोदन किया गया।




### दो छात्राओं को आर्थिक सहायता करेंगे प्रदान

निराला समिति वर्ष भर कोई न कोई हिन्दी से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन करने के साथ समाज सेवियों का सम्मान भी करती है। इसी के साथ गरीब निर्धन छात्र-छात्राओं को आर्थिक सहायता भी प्रदान करती है। समिति के सदस्य जेएस ठाकुर ने 2 छात्राओं को प्रतिमाह 5-5 सौ रू. की आर्थिक सहायता की घोषणा की गई। इसके प्रति ठाकुर का अभार व्यक्त किया।

### नए सदस्य पर विचार

बैठक में समिति के निर्वाचन कराये जाने पर एवं कुछ नये सदस्य बनाये जाने पर भी विचार किया गया। बैठक में समिति के अध्यक्ष साहब सिंह धाकड़, संरक्षक सुरेश बिदुआ, कवि देवी जैन, प्रेमनारायण साहू, भगवानदास राठी, नरेश जैन, अवधनारायण सक्सेना, अनूप जैन, सईद पठान इत्यादि की उपस्थिति रही।

# आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्रवाई में मदिरा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा एवं हाल ही में पदस्थ सहायक आबकारी आयुक्त दीपक अवस्थी के निर्देशानुसार सहायक जिला आबकारी अधिकारी सुदीप तोमर (कंट्रोलर) एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती सरिता चंदेल के नेतृत्व में आबकारी उपनिरीक्षक राजेश विश्वकर्मा द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर सूचना की तस्दीकी हेतु घेराबंदी कर एस डी एम कार्यालय के सामने पिपरिया रोड़ बरेली में हमराह स्टाफ के सहयोग से घेराबंदी कर आरोपी कमलेश पुत्र गोपाल सिंह लोधी निवासी बरेली को अंग्रेजी शराब बेचते हुए 17 पाव अंग्रेजी शराब के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। साथ ही शासकीय कन्या शाला के सामने मेन रोड़ बरेली में घेराबंदी कर आरोपी आमिर पुत्र शोहरत खान निवासी बरेली को देशी शराब बेंचते हुए 20 पाव देशी मसाला मदिरा के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर उक्त दोनों के विरुद्ध म प्र आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (क) के तहत प्रकरण कायम किये जाकर विवेचना में लिए। उक्त कार्यवाही मे आबकारी आरक्षक रामस्वरूप पटेल एवं आबकारी आरक्षक श्वेता शिवहरे सहित नगर सैनिकों का सराहनीय सहयोग रहा।



मदिरा की कीमत रुपए 5400 आंकलित की गई। अवैध मदिरा पर लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

# शहीद सम्मान व गौरक्षा रैली के साथ मांगरोल में गौकथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

रविवार को पोरिया गार्डन से नर्मदा तट मांगरोल के नरसिंह मंदिर लगभग 20 कि.मी. शहीद सम्मान और गौ रक्षा रैली निकाले जाने के साथ गौ कथा प्रारंभ हुई। इसी के साथ कार्यक्रम स्थल पर नाडी वैद्य द्वारा असाध्य रोगो का वैदिक चिकित्सा भी की जा रही है।

**गौ सेवा जरूर करें :** गौ कथा के प्रथम दिवस गौ कथा वाचक श्री सुंदर वैदिक ब्रजवासी द्वारा मानव जीवन, पर्यावरण, खेती और स्वास्थ्य में गौ माता के महत्वपूर्ण योगदान की विस्तार से चर्चा की गई। कहा कि प्रत्येक गौ भक्त सनातनी को पहली रोटी गौ माता को खिलाना चाहिए कहा कि गौ माता की जितनी हो सके सेवा अवश्य करना चाहिए। इसका जीवन, स्वास्थ्य, शरीर मन मस्तिष्क पर प्रभाव अवश्य पडता है।

### शहीदों का स्मरण दी श्रद्धांजलि

*रविवार को शीहदों के सम्मान में रैली निकाली गई थी।कथा के दौरान कथा व्यास सुंदर वैदिक जी ने देश के ख्याति प्राप्त शहीदोका विस्तार से स्मरण और उनके बलिदान की चर्चा की गई। मंगल पांडे जिस कारतूस में चर्बी मिली थी। आजादी के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की विस्तार से चर्चा की। कहा कि स्वतंत्रता संग्राम और गौ माता आपस में जुडे हुए है। शहीद भगत सिंह, सुखदेव, चन्द्रशेखर आजाद इत्यादि के सभी के बलिदान का स्मरण करते हुए सभी शहीदों को श्रद्धांजली अर्पित की गई। इस अवसर पर कथा व्यास सुंदर वैदिक ने कहा कि हम वैलेंटाइन डे तो मनाते है। लेकिन हमें शहीदो का स्मरण कर शहीद विस भी मनाना चाहिए।जिससे देश, समाज के लिए कुछ अच्छा करने की युवाओं को प्रेरणा मिले।*

## मेहनत रंग लाई, 172 ग्राम पंचायतें हुईं टीबी के रोग से मुक्त

# ढाई हजार मरीजों का उपचार कर टीबी रोग से दिलाई मुक्ति, जिले की 172 पंचायतों को मिला 'अवॉर्ड'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

विश्व क्षय दिवस के उपलक्ष्य में रायसेन स्थित वन परिसर में "टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अवार्ड" कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन तथा जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान अंतर्गत वर्ष 2024 में रायसेन जिले की चयनित 172 टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को अवॉर्ड प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन ने कहा कि टीबी संक्रामक बीमारी है। विश्व में सभी देशों ने 2030 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने वर्ष 2025 तक भारत में टीबी उन्मूलन का लक्ष्य रखा। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रत्येक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। नागरिक भी इसमें सक्रिय भूमिका निभाएं।



जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने कहा कि टीबी मुक्त भारत बनाने के लिए राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मु द्वारा 9 सितम्बर 2022 को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया गया था। टीबी रोगियों को पोषण संबंधी सहायता प्रदान करने के लिए यह अभियान संचालित किया जा रहा है। निक्षय मित्र बनने के लिए जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, व्यवसायिक संगठनों, एनजीओ, शासकीय सेवकों तथा नागरिकों को प्रोत्साहित किया है।

जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि वर्ष 2023 में 107 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत हेतु ब्रांज अवार्ड प्रदान किया गया। वर्ष 2024 में 172 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत का अवार्ड प्रदान किया जा रहा है। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत वर्ष 2024 में 2405 टीबी मरीजों को उपचारित किया गया है। निक्षय पोषण योजना अंतर्गत वर्ष 2024 में आज दिनांक तक 2408 हितग्राहियों को पोषण राशि का भुगतान किया गया है। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री द्वारा टीबी रोग के लक्षण, बरती जाने वाली सावधानियां, उपचार तथा जिले में टीबी उन्मूलन हेतु किए जा रहे प्रयासों के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ अनिल ओढ, राकेश शर्मा सहित चिकित्सक और आमजन उपस्थित रहे।

**Presiding Officer : सुश्री सौम्या साहू**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
**(RCS A/0000044/2024)**
रूपनारायण ................ वादी
**Vs**
ओमप्रकाश .............. प्रतिवादी
**Talwanaid 978 Process Id- /2025**
पेशी दिनांक :- 03/04/2025

प्रेषिती :- (1) ओमप्रकाश पिता कन्हैयालाल आयु वयस्क जाति अग्रवाल पता- तहसील व जिला रायसेन हाल निवास तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र.
(2) महेशचंद पिता कन्हैयालाल विश्वकर्मा आयु वयस्क जाति अग्रवाल पता तहसील व जिला रायसेन हाल निवास तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र.
(3) सर्वसाधरण पता- रायसेन

यह कि प्रार्थी रूपनारायण ने आपके विरूद्ध प्रकाशन हेतू के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख **15 March 2025** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**सुश्री सौम्या साहू न्यायाधीश, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड व प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश जिला रायसेन (म.प्र.)**